हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, गुरुवार, 11 जुलाई 2024

11 लंबित मांगों को लेकर चौकीदारों ने किया प्रदर्शन



12 पुराने औद्योगिक क्षेत्र में हटाया अतिक्रमण



## खबर संक्षेप

### शिक्षा सभा की मतदाता सूची जारी

**बहादुरगढ़।** बहादुरगढ़ शिक्षा सभा के चुनाव अधिकारी सुरेश कुमार मलिक ने बताया कि चुनाव कार्यक्रम अनुसार बुधवार को सभा की फाइनल वोटर सूची जारी कर दी गई है। वोटर लिस्ट कॉलेजियम अनुसार बनाई गई हैं। सभा में कुल 105 कॉलेजियम है और चुनाव कार्यक्रम अनुसार कॉलिजियम के चुनाव 28 जुलाई को होंगे। मलिक ने बताया कि चुनाव कार्यक्रम अनुसार 11 जुलाई से 13 जुलाई तक नामांकन दाखिल होंगे। नॉमिनेशन फॉर्म कार्यालय में उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि फॉर्म मूल रूप में ही स्वीकार किए जाएंगे। कोई भी सदस्य कार्यालय से 3 बजे से 5 बजे की बीच 100 रुपए फीस भरके फार्म प्राप्त कर सकता है। शनिवार 13 जुलाई को 5 बजे तक प्राप्त नॉमिनेशन की सूची उसी दिन जारी की जाएगी।

### पुलिस ने दो सगे भाइयों को मुंबई से किया बरामद

**झज्जर ।** पुलिस की एक टीम द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुमशुदा दो भाइयों को मुंबई से बरामद कर परिजनों को सौंपा है। डीसीपी लोगेश कुमार ने कहा कि प्रत्येक माता-पिता को अपने बच्चों के साथ बैठकर कुछ समय तो जरूर बिताना चाहिए। ताकि हम अपने बच्चों की भावनाओं को समझ सके। उन्होंने कहा कि कई बार छोटी-छोटी बातों को लेकर बच्चे इतने उत्तेजित हो जाते हैं कि वे कोई भी फैसला ठीक से नहीं ले पाते और इसी कारण अपने घर को छोड़कर चले जाते हैं। जोकि चिंता का विषय है।

### उमस भरी गर्मी से नहीं मिल रही निजात

**झज्जर।** उमस भरी गर्मी के कारण लोगों का जीना मुहाल हो रखा है। पसीने से तर-बत्तर लोग गर्मी से बचने के लिए बारिश का इंतजार कर रहे हैं। लेकिन बादल बिन बरसे ही आगे निकल रहे है। बुधवार को अलसुबह और सांय एकाएक ऐसा मौसम बना कि तेज बारिश होगी। लेकिन कुछ मिनटों तक बादल फुहार गिराते हुए आगे चले गए। जिसके कारण तापमान में उमस और अधिक बढ़ गई और लोगों को खूब परेशानी हुई। बुधवार को अधिकतम तापमान जहां 34 डिग्री सेल्सियस वहीं न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लेकिन रीयल फील इससे ज्यादा ही रहा।

### अवैध पिस्तौल के साथ आरोपी गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** सीआईए-टू की टीम ने अवैध हथियार के साथ एक आरोपी को काबू किया। प्रभारी रविंद्र कुमार के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर नीरज निवासी कमासपुर सोनीपत को केएमपी पुल के नजदीक काबू किया गया। तलाशी ली तो उसके कब्जे से एक पिस्तौल व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

## मंडल-1 में भी अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत से सरकारी खजाने को लगा चूना

# जलापूर्ति विभाग ने कर्मचारी भी लगाए और कॉन्ट्रेक्ट, कोटेशन व जॉब के बिल भी बनाए

रवींद्र राठी ▶▶| बहादुरगढ़

भ्रष्टाचार रूपी दीमक लगातार सरकारी व्यवस्था को खोखला कर रही है। विभिन्न खुलासों पर सरकार द्वारा कार्रवाई नहीं करने से भी भ्रष्टाचारियों को प्रोत्साहन मिलता है। ताजा मामले में जन स्वास्थ्य आभियांत्रिकी विभाग के मंडल-1 में अधिकारियों और ठेकेदारों ने मिलीभगत कर वर्ष 2019 से 2022 के दौरान कच्चे कर्मचारियों के भुगतान के नाम पर एक करोड़ रुपए से ज्यादा का गबन किया गया है। इस संबंध में आरटीआई की मदद से साक्ष्य जुटाकर छारा निवासी राकेश कुमार ने सीएम विंडो पर मुख्यमंत्री नायब सैनी से कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता राकेश कुमार के अनुसार जांच के दौरान अथवा अपनी शिकायत के संबंध में वे जब भी कार्यालय जाते हैं, तो विभाग के उच्च अधिकारियों द्वारा मानसिक रूप से परेशान किया जाता है। धमकियां देने के साथ ही झगड़े पर उतारू हो जाते हैं। अधिकारियों व ठेकेदारों द्वारा उस पर शिकायतें वापिस लेने का दबाव बनाया जाता है। अपनी सुरक्षा को लेकर आशंकित राकेश कुमार ने सरकार से निष्पक्ष उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

- अपनी सुरक्षा को लेकर आशंकित शिकायतकर्ता

### जब दोगुना हो गया खर्च

विभाग ने पूरे मंडल में प्रत्येक गांव के जलघरों से जलापूर्ति व मरम्मत कार्य पर के लिए वर्ष 2019 में 2 करोड़ 15 लाख 11 हजार 992 रुपए खर्च किए। जबकि वर्ष 2020 में यह खर्च दोगुणा से ज्यादा बढ़कर 4 करोड़ 45 लाख 72 हजार 757 रुपए पहुंच गया। वर्ष 2021 में 4 करोड़ 33 लाख 84 हजार 767 रुपए खर्च हुए। इसके अलावा वर्ष 2022 में कुल खर्च 4 करोड़ 89 लाख 62 हजार 338 रुपए हुआ। इतना ही नहीं अकेले बेरी शहर के लिए 2019 से 2021 तक तीन साल के लिए विभाग द्वारा एक करोड़ 77 लाख की राशि ओएंडएम के लिए दी गई है।

### कर्मचारी भी और बिल भी

विभाग में 14 कर्मचारी टर्म अपॉइंटी नियुक्त किए गए थे, उनका मानदेय 9258 रुपए निर्धारित था। वहीं पंचायत में सरपंचों द्वारा 81 कर्मचारी नियुक्त कर रखे थे। बाद में इनकी संख्या 88 हो गई थी। हालांकि इन्हें मात्र 4629 रुपए प्रतिमाह वेतन दिया जाता था। इन 88 कर्मचारियों का 4629 के हिसाब से सालाना लगभग 49 लाख रुपए बेतन बनता है। जबकि 14 कर्मचारियों का 9288 के हिसाब से लगभग 16 लाख वार्षिक बनता है। जब ये कर्मचारी काम कर रहे थे तो ओएंडएम, कोटेशन और जॉब वर्क बनाकर करोड़ों रुपए की धनराशि क्यों खर्च की गई?



बहादुरगढ़। जलापूर्ति एवं अभियांत्रिकी विभाग का एक जलघर। फोटो : हरिभूमि

### 14 हजार वेतन, 8100 का चेक

ओएंडएम तथा जॉब वर्क के तहत विभागीय कार्य में जुटे कर्मचारियों को एजेंसी द्वारा महज 8100 रुपए का चैक दिया गया और जॉब वर्क में प्रत्येक कर्मचारी के लिए मंजूर हुए थे 14 हजार 37 रुपए प्रतिमाह। प्रत्येक कर्मचारी के हर महीने 5937 रुपए कौन हजम कर रहा था, यह जांचना अति आवश्यक है।

### तीन महीने नहीं मिला वेतन

विभाग में कार्यरत 10 कच्चे कर्मचारियों ने एक सितंबर से 30 नवंबर 2021 के दौरान तीन महीनों का वेतनमान नहीं मिलने की लिखित शिकायत श्रम विभाग और मंडल अधिकारियों को दी थी। इस शिकायत पर ना विभागीय अधिकारी और ना ही श्रम विभाग के अधिकारी ने संज्ञान लिया। श्रम विभाग के नियमों की पालना करवाना अधिकारियों का दायित्व बनता है।

### आरटीआई में नहीं दी जानकारी

साथ ही विभाग ने कच्चे कर्मचारियों को वेतन देने के लिए 18 टैंडर भी किए थे, जिनकी कुल राशि के बारे में आरटीआई में जानकारी नहीं दी गई। विभाग के पास 2019 से 2022 तक किसी भी कच्चे कर्मचारी का रिकार्ड नहीं है। इन चार सालों में कार्यरत सभी कर्मचारियों का संपूर्ण रिकार्ड यदि जांचा जाए तो घोटाला इससे भी बड़ा मिलना तय है। शिकायतकर्ता के अनुसार विभागीय अधिकारियों की लापरवाही साफ नजर आती है। दोषी अधिकारियों को सख्त से सख्त सजा दी जानी चाहिए।

### अधिकारियों को कोटेशन पसंद

नियमानुसार कार्यकारी अभियंता 50 हजार रुपए की कोटेशन मंजूर कर सकता है। लेकिन यहां एक से डेढ़ लाख की कोटेशन मंजूर हुई। जब जलघरों की सफाई मनरेगा स्कीम के तहत करवाई जाती है, तो फिर करोड़ों रुपए की कोटेशन मंजूर होना सवाल खड़े करता है। जिन एजेंसियों को ठेके दिए गए हैं, उनके पास श्रम विभाग का लाइसेंस नहीं है। ज्यादातर एजेंसियों द्वारा जीएसटी का भुगतान भी नहीं किया जाता है।

### नौकरी से निकालने की धमकी



इतना ही नहीं ज्यादातर एजेंसियों ने कर्मचारियों का ईपीएम और ईएसआई का पैसा भी उनके खातों में जमा नहीं करवाया। शिकायत करने पर नौकरी से निकालने की धमकी दी जाती है। घोटाले का खुलासा करने वाले राकेश कुमार के अनुसार इसकी जांच करवाकर एजेंसियों से इस राशि की रिकवरी करवाई जानी चाहिए। श्रम नियमों की घोर अवहेलना के लिए उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही भी की जाए।

### इस तरह खर्च किया पैसा

| वर्ष | ओएंडएम | धनराशि | जॉब वर्क | कोटेशन वर्क |
|---|---|---|---|---|
| 2019 | 27 | 1,97,95,000 | 8,08,581 | 9,08,411 |
| 2020 | 57 | 3,23,27,826 | 9,18,702 | 1,13,26,229 |
| 2021 | 21 | 1,82,35,501 | 55,91,849 | 1,95,57,417 |
| 2022 | — | — | 1,58,80,072 | 3,30,82,266 |

## रात्रि ठहराव के लिए खड़ी पांच रोडवेज बसों से दस बैट्रियां चोरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गांव बहु में रात्रि ठहराव के लिए खड़ी रोडवेज बसों से चोरों द्वारा बैट्रियां चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस को दी शिकायत में खोरड़ा गांव निवासी बस चालक रामनिवास ने बताया कि वह हरियाणा रोडवेज चरखी दादरी में बस चालक के पद पर कार्यरत है। वह बहु-झोलरी से बाढ़डा के लिए बस चलाता है। यहां रात्रि ठहराव के लिए बिजली घर के रास्ते पर कई चालक बसों को खड़ी कर देते हैं। रोजाना की तरह मंगलवार की रात को अपनी बस खड़ी करके घर चला गया था। सुबह जब वापस पर बस पर आया तो देखा की उसकी बस में लगी दो बैट्रियां चोरी हो गई है। जब उसने अपनी यह अन्य बस चालकों को बताई तो पता चला कि वहां खड़ी की गई सभी पांच बसों में रखी दो-दो बैट्रियां चोरी हो चुकी है। इस प्रकार एक रात में दस बैट्रियां चोरी होने के कारण जहां सवारियों को परेशानी हुई वहीं रोडवेज बस चालकों ने भी पुलिस व अपने उच्चाधिकारियों को चोरी की घटना से अवगत कराया। बसों के अन्य चालकों में मकडाना निवासी चालक प्रमोद, मातनहेल निवासी अनिल कुमार, छुछकवास निवासी सुरेंद्र, रेवाड़ी जिले के बिसोहा गांव निवासी चालक प्रताप ने भी अपनी-अपनी बसों से बैट्रियां चोरी होने की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस द्वारा शिकायत के आधार पर मामला दर्ज करते हुए नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

- पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया




झज्जर। बहु गांव में रात्रि ठहराव के लिए खड़ी एक बस का खुला हुआ बैट्री बॉक्स जहां से चोरी हुई बैट्रियां व रोडवेज की इन बसों से हुई बैट्रियां चोरी।

## सिटी बस सेवा शुरू, 5 से 10 रुपये लगेंगे

**बहादुरगढ़।** हरियाणा रोडवेज की ओर से बहादुरगढ़ बस स्टैंड पर लोगों हो हैप्पी कार्ड वितरित किए जा रहे हैं। यहां कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जो लाभार्थी को हैप्पी कार्ड एक्टिवेट करके दे रहे हैं। स्टैंड अधीक्षक सतीश कुमार के अनुसार अब सप्ताह के सातों दिन हैप्पी कार्ड बनाए जाएंगे। पहले यहां 5 दिन हैप्पी कार्ड वितरित किए जाते थे। अब तक 2734 हैप्पी कार्ड आए थे। इनमे से 1310 वितरित हो चुके हैं। वहीं सिटी बस सेवा के अंतर्गत दो बसें बुधवार से शुरू हो गई हैं।

बता दें कि हरियाणा सरकार की ओर से अंत्योदय परिवार परिवहन योजना के तहत लाभार्थियों को हैप्पी कार्ड दिए जाने की योजना शुरू की थी। इसके तहत जिन परिवारों की आय एक लाख रुपए तक है, वे परिवार रोडवेज की सामान्य बसों में सालाना एक हजार किलोमीटर तक निशुल्क सफर कर सकते हैं। वहीं दूसरी ओर हरियाणा रोडवेज ने मंगलवार को सिटी बस सेवा का ट्रायल करने के बाद बुधवार को इसे शुरू कर दिया है। नए बस स्टैंड से शुरू होने वाली यह सेवा पुराने बस स्टैंड पर पहुंचेगी और यहां तक के 5 रुपए लगेंगे।

इसके बाद पुराने बस स्टैंड से जाखौदा तक के 10 रुपए लगेंगे। जबकि ब्रिगेडियर होशियार सिंह मेट्रो स्टेशन तक के 5 रुपए लगेंगे। बहादुरगढ़ के बराही मोड़ तक 10 रुपये लगेंगे।

स्टेशन अधीक्षक के अनुसार एक से तीन स्टेंड तक 5 रुपये तथा उससे अधिक स्टेंड के लिए 10 रुपये वसूले जाएंगे।

# पॉवर स्टेशन ठप होने से तीन घंटे बाधित रही बिजली

## अस्पताल में मरीजों व तीमारदारों का रहा बुरा हाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

मंगलवार की रात शहर के 33केवी सब स्टेशन की पॉवर सप्लाई ठप्प होने के कारण आधे से अधिक क्षेत्र में बिजली बाधित रही। ऐसे में जहां शहरवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ा वहीं सबसे दयनीय स्थिति स्थानीय नागरिक अस्पताल में भर्ती मरीजों व उनके तीमारदारों की रही। अस्पताल के वाडार्ें में भर्ती मरीजों को करीब तीन घंटे का समय गर्मी में बिताना पड़ा। रात करीब ग्यारह बजे जब अचानक अस्पताल की बिजली गुल हुई तो लोगों ने सोचा कि यह परेशानी महज दस या पन्द्रह मिनट की होगी। लेकिन उनकी हिम्मत उस समय जवाब दे गई जब कि बिजली आधे घंटे बाद भी नहीं आई। उसके बाद लोगों ने अस्पताल के स्टाफ सदस्यों से बिजली आने के बारे पूछा तो वे कोई संतुष्टिजनक जवाब नहीं दे पाए। इस दौरान जब किसी ने बिजली शिकायत केंद्र पर अस्पताल में बिजली व्यवस्था बाधित होने की सूचना देते हुए बिजली आने के संबंध में जानकारी लेनी चाही तो पता चला कि यहां पॉवर सप्लाई अचानक बंद हो गई। जिसे दुरुस्त करने में कम से कम दो घंटे का समय लगेगा। जब अस्पताल स्टाफ सदस्यों को पता चला तो वे भी इस बात को लेकर दुखी हुए। हालांकि उनके कमरों में इंवर्टर की व्यवस्था होने से उन्हें अधिक परेशानी नहीं आई। हड्डी रोग संबंधी वार्ड नंबर 3 में दाखिल जाहिदपुर निवासी देवेंद्र ने बताया कि उनका बेटा जब ऊंटलौधा गांव स्थित स्कूल से साइकिल पर लौट रहा था तो उसे बाइक ने टक्कर मार दी। जिसके बाद पैर में फ्रैक्चर हो गया और वे उसे उपचार के लिए यहां एमरजेंसी में लाए थे। चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार कर वार्ड में भेज दिया। रात ग्यारह बजे जब लाइट चली गई तो वहां अंधेरा छा गया। ऐसे में जहां तीमारदारों का बुरा हाल रहा। इसके बाद रात करीब दो बजे बिजली व्यवस्था सुचारू हुई जिसके बाद उन्होंने चैन की सांस ली। यह हाल केवल एक मरीज का नहीं है बल्कि अस्पताल में स्थित मरीजों व उनके तीमारदारों सभी की अमूमन ऐसी स्थिति रही।

- रात करीब दो बजे बिजली व्यवस्था सुचारू हुई जिसके बाद लोगों ने चैन की सांस ली



झज्जर। अस्पताल स्थित एक कमरे में दाखिल मरीज व तीमारदार,बिजली गुल होने पर कपडे.से हवा करते हुए तीमारदार।



### मेन तार टूटने के कारण हुई बिजली बाधित

बिजली निगम के एसडीओ सौरभ ने बताया कि स्थानीय 33 केवी सब स्टेशन में आने वाली सप्लाई की मेन तार टूटने के कारण बिजली व्यवस्था बाधित हुई थी। पॉवर हाऊस ठप्प होने के कारण शहर के विभिन्न हिस्सों में बिजली बंद रही। जिसे दुरुस्त करने में करीब ढाई घंटे का समय लग गया। उसके बाद रात को ही बिजली व्यवस्था सुचारू कर दी गई थी।

## संक्रमण का खतरा

### सड़कों, गलियों से लेकर लोगों के घर के आसपास पानी का जमाव

# सतर्कता जरूरी: डेंगू व मलेरिया फैलने की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

पिछले कई दिन से रुक-रुक कर लगातार हो रही बारिश से शहर में जगह-जगह जलभराव की स्थिति बन गई है। सड़कों, गलियों से लेकर लोगों के घर के आसपास पानी का जमाव हो गया है। ऐसे में डेंगू व मलेरिया फैलने की आशंका तेज हो गई हैं। विगत दिनों हुई तेज बारिश के बाद मच्छर जनित बीमारियों के अलावा संक्रमण का खतरा भी बढ़. गया है।

बता दें कि शहर के आदर्श नगर में डेंगू का एक कंफर्म मरीज मिल चुका है। जबकि पिछले साल 385 डेंगू के मरीज सामने आए थे। इसके अलावा 2022 में 30, 2021 में 323 और 2020 में 28 डेंगू के मरीजों की पुष्टि हुई थी। हालांकि इन दिनों विभिन्न अस्पतालों में मलेरिया के संदिग्ध मरीज महीनों से आ रहे हैं। अब तक जिले में 3 मलेरिया मरीजों की पुष्टि हुई है। पिछले साल 5, 2022 में 16, 2021 में 6 और 2020 में 11 मलेरिया मरीजों की पुष्टि हुई थी।

डेंगू और मलेरिया की दस्तक के बावजूद जगह-जगह हो रहे जल भराव वाले स्थान के अलावा कूलर व घरों की छत व आसपास जमा पानी में मच्छर पनपने लगे हैं। प्रशासनिक लापरवाही से डेंगू व मलेरिया का खतरा कई गुना बढ़. गया हैं। इसलिए खुद के साथ बच्चों की देखभाल भी अधिक करनी चाहिए।



बहादुरगढ़। मच्छरों को बढ़ा रही बराही फाटक के निकट फैली गंदगी।

### मलेरिया बुखार

यह रोग मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से होता है। मरीज के अंदर रक्तहीनता (एनीमिया) के लक्षण उभरते हैं, जैसे चक्कर आना, सांस फूलना, इत्यादि। इसमें कंपकंपी के साथ बुखार आता है। चार-पांच घटे तक बुखार रहता है। बुखार उतरने पर मरीज को काफी पसीना आने लगता हैं।

### डेंगू बुखार

यह संक्रमण एडीज एजिप्टी नामक मच्छर के काटने से होता है। यह मच्छर केवल दिन में काटता है। यह साफ पानी में होता है। संक्रमण तेज बुखार के साथ शुरू होता है, सिर व मासपेशियों तथा जोड़ों मे भयानक दर्द होता है। इसे हड्डी तोड़ बुखार कहते हैं। शरीर पर लाल चकते भी बन जाते हैं। इसके अलावा पेट खराब होना, दर्द होना, कमजोरी, दस्त लगना, ब्लेडर की समस्या, निरंतर चक्कर आना, भूख न लगना आदि लक्षण हैं।

### सावधानी बरतने की सलाह

लैब इंचार्ज डॉ. शैली दहिया ने बताया कि बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में अब तक 300 एलिसा टेस्ट हो चुके हैं। जो सभी नेगेटिव मिले हैं। हर महीने मलेरिया के भी करीब एक हजार टेस्ट किए जा रहे हैं। वहीं नागरिक अस्पताल की प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ. मंजू कादियान ने बताया कि अपने आसपास पानी का जमाव न होने दें। साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें।

# गोशाला संचालक पर जानलेवा हमला करने का मुख्य आरोपी पुलिस रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

गौकुल धाम महातीर्थ के संचालक सुनील निमाणा पर हुए जानलेवा हमले मामल में कार्रवाई करते हुए पुलिस की एक टीम द्वारा मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। सीआईए प्रभारी सोमवीर ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान मोहित निवासी गांव समसपुर माजरा के तौर पर की गई है। प्राथमिक जांच में सामने आया कि आरोपी रेवला खानपुर दिल्ली में बनी गौशाला में सुपरवाइजर का काम करता था। जिसे गौशाला संचालक सुनील निमाणा द्वारा वहां से निकाल दिया गया था। जिस बात की रंजिश रखते हुए आरोपी ने अपने साथी के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को पूछताछ के लिए चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। बता दें कि रविवार को श्री गोकुलधाम महातीर्थ गौशाला के संचालक सुनील निमाणा पर हुए जानलेवा हमला मामले में मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर महापंचायत का आयोजन गुलिया खाप 84 के प्रधान सुनील गुलिया की अध्यक्षता में हुआ था। जिसमें पूरे हरियाणा, पंजाब, यूपी, दिल्ली, राजस्थान सहित अन्य क्षेत्रों से गौरक्षा दल, गौशाला संचालक, समाजसेवी, खापों से जुड़े प्रतिनिधियों ने भाग लेते हुए घटना की निंदा की थी।

गुलिया खाप 84 के प्रधान सुनील गुलिया ने कहा था कि यदि मुख्य आरोपी को शनिवार तक गिरफ्तार नहीं किया जाता है तो सर्वखाप पंचायत की जाएगी और आगामी रूपरेखा तैयार की जाएगी।

- रेवला खानपुर दिल्ली की गोशाला से निकालने की रंजिश के कारण दिया था वारदात को अंजाम



झज्जर। पकड़ा गया आरोपी पुलिस टीम के साथ।





डॉक्टर सजेशन

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# बिना डॉक्टर से कंसल्ट किए ना करें किसी दवा का सेवन



**मेरी उम्र 45 वर्ष है। मुझे कुछ दिनों से थकान-कमजोरी महसूस हो रही है। इसलिए रोज मल्टीविटामिन कैपस्यूल लेता हूं। क्या इसके कुछ साइड-इफेक्ट्स भी हो सकते हैं?**

**-पवन, कांकेर**

जैसा आप बता रहे हैं कि पिछले कुछ दिनों से आपको थकान और कमजोरी लग रही है। सबसे पहले आपको शरीर में खून की जांच यानी एचबी की जांच करानी चाहिए, जिससे पता चलेगा कि कमजोरी किस वजह से हो रही है? कई बार खून की कमी की वजह से भी यह समस्या देखी जाती है, इसके बाद कोई उपचार किया जा सकेगा। वैसे तो मल्टीविटामिन कैप्सूल लेने से कोई साइड इफेक्ट नहीं हैं, लेकिन एक बार डॉक्टर से संपर्क करने के बाद ही कोई दवा लेनी चाहिए।

**मेरी उम्र 38 वर्ष है। हर साल बारिश के मौसम में मुझे अकसर जुकाम-खांसी की समस्या होने लगती है। इससे बचाव के लिए मुझे क्या करना चाहिए?**

**-नीरज, भोपाल**

यह समस्या कई लोगों में देखी जाती है। जिन लोगों को एलर्जी होती है उनको बरसात में सर्दी-जुकाम होता रहता है। इसके लिए आपको अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ानी चाहिए, विटामिन सी वाले यानी खट्टे फल खाने चाहिए। साथ ही घर से बाहर निकलते समय मास्क लगाकर निकलें।

**मेरी उम्र 52 वर्ष है। मेरे तलवों और एड़ियों में अकसर कुछ चुभने जैसा तेज दर्द होता है। ऐसा क्यों होता है और इसका क्या समाधान है, कृपया बताएं।**

**-गजेंद्र प्रताप, रायगढ़**

यह समस्या उस समय होती है, जब एड़ी की हड्डी बढ़ जाती है। इसके लिए आपको ऑर्थोपेडिक डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। वे एक्सरे कराएंगे, जिससे पता चलेगा हड्डी बढ़ी हुई है या नहीं। इसके बाद आपको वह गाइड करेंगे कि बचाव के लिए क्या करना चाहिए।

**मेरी उम्र 21 वर्ष है। पिछले डेढ़-दो महीने से पढ़ते वक्त मेरी आंखों से पानी आने लगता है, साथ ही तेज सिर दर्द भी शुरू हो जाता है। इस प्रॉब्लम से छुटकारा पाने के लिए मुझे क्या करना चाहिए?**

**-राकेश, रायपुर**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपकी आंखों की रोशनी कमजोर हो रही है, जिस वजह से यह समस्या आ रही है। सबसे पहले आपको आंखों की जांच करानी चाहिए, अगर आंखें कमजोर हो रही हैं तो चश्मा बनवाना चाहिए। हां अगर आंख की रोशनी ठीक है तो जरूर आपको एक बार मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर जांच करानी चाहिए, जिससे सिर दर्द का कारण पता चलेगा।

**मेरी उम्र 34 वर्ष है। मेरे चेहरे और नाक पर कई मस्से उभर आए हैं। मस्सा हटाने के लिए मुझे कोई होम-रेमेडी अपनानी चाहिए या मेडिकल ट्रीटमेंट करवाना चाहिए? कृपया उचित सलाह दें।**

**-आदित्य, भोपाल**

इसके लिए आपको त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क करना चाहिए, वही मस्से देखकर बताएंगे कि ये रिमूव हो सकते हैं या किसी क्रीम से ठीक हो सकते हैं। बगैर देखे कुछ भी कहना उचित नहीं होगा।

**मेरी उम्र 62 वर्ष है। दो साल पहले मैंने अपने घुटने का ऑपरेशन करवाया था। पिछले 2-3 महीनों से मेरे घुटने में फिर से दर्द हो रहा है। चलने-फिरने में काफी तकलीफ होने लगी है। ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**

**-प्रमोद, हिसार**

आपने यह स्पष्ट नहीं किया कि घुटनों का ऑपरेशन किसलिए हुआ था। क्या नी सर्जरी हुई थी या कोई चोट लगी थी? हालांकि ऑपरेशन के कुछ समय बाद तक कई बार ऐसी समस्या देखी जाती है, लेकिन आपको 2 साल हो चुके हैं, इसलिए बेहतर होगा कि आप उस डॉक्टर से संपर्क करें, जिन्होंने आपका ऑपरेशन किया था, वह ही जांच कर इसकी वजह पता लगाएंगे और उपचार करेंगे।

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

---

हेल्थ एडवाइस

विवेक कुमार

# यंगस्टर्स को बना रहा बीमार जंक फूड-फास्ट फूड

जंक फूड हो या फास्ट फूड, इसका अधिक सेवन हमें कई बीमारियों से ग्रस्त कर सकता है। बावजूद इसके, आज के दौर में यंगस्टर्स इसे सबसे ज्यादा पसंद करते हैं। इससे यंगस्टर्स में मोटापा, डायबिटीज, हार्ट डिजीज समेत कई अन्य रोग फैल रहे हैं। इनके अधिक सेवन से किस तरह के नुकसान हो सकते हैं, इस बारे में हर युवा को पता होना चाहिए।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि आज युवा वर्ग अपने स्वास्थ्य को लेकर काफी हद तक जागरूक हो चुका है। यही कारण है कि छोटे शहर हों या बड़े, हर जगह जिमों की भरमार देखी जा सकती है। शहरों में शायद ही कोई ऐसा मोहल्ला हो, जहां आज की तारीख में कोई जिम ना मौजूद हो और जहां युवाओं की अच्छी-खासी भीड़ ना देखी जाती हो। लेकिन इसके बावजूद इस दौर में युवाओं को जितनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हैं, उतनी अब के पहले कभी नहीं रहीं।

## युवाओं में बढ़ता मोटापा


आज पूरी दुनिया में 3.2 करोड़ से ज्यादा युवा औसत से काफी ज्यादा मोटे हैं और मोटापे की यह रफ्तार युवाओं के बीच पूरी दुनिया में बढ़ रही है। मोटापा किस तरह एक वैश्विक समस्या बनता जा रहा है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, भूटान, मालदीव जैसे देशों में भी जहां यूरोप और अमेरिका के मुकाबले कोल्ड ड्रिंक कम पी जाती है, पिज्जा और बर्गर भी कम खाए जाते हैं, फिर भी इन देशों में मोटापा 7 से 10 फीसदी सालाना की रफ्तार से बढ़ रहा है। साल 2000 के आस-पास भारत में जहां करीब 8 फीसदी युवा जरूरत से ज्यादा मोटे थे, वहीं आज 17 से 18 फीसदी युवा तकनीकी रूप से सामान्य से ज्यादा मोटे हैं और करीब 7 से 9 फीसदी तो बहुत ज्यादा मोटे हो रहे हैं। स्कूल जाने वाली लड़कियां भी 20 साल पहले के मुकाबले आज 15 से 17 फीसदी ज्यादा ओवरवेटेड हैं। युवाओं में तेजी से बढ़ते इस मोटापे का सबसे बड़ा कारण है-जंक फूड का अत्यधिक सेवन।

## जंक फूड अधिक करते हैं पसंद

आज की तारीख में भारतीय युवाओं के पास जेब खर्च आज के 30 साल पहले के मुकाबले 5 से 6



गुना ज्यादा है, जिसका सबसे बड़ा नुकसान यह हुआ है कि आज फास्ट फूड भारतीय युवाओं के बेहद करीब पहुंच गया है। चूंकि आज कम उम्र के युवा भी कमाते हैं, इसलिए जंक फूड खाना उन्हें अपना हक लगता है। यह इसलिए भी उन्हें परेशान नहीं करता, क्योंकि उन्हें लगता है कि वे जंक फूड खाने से उन्हें जो स्वास्थ्य संबंधी नुकसान होंगे, उनकी भरपाई वे जिम में ज्यादा पसीना बहाकर कर लेंगे। लेकिन यह सही नहीं है। इसका सबसे बड़ा नुकसान दो साल पहले कोरोना महामारी के दौरान तब देखने को मिला था, जब बड़ी संख्या में युवाओं में रोग प्रतिरोधक क्षमता की बेहद कमी देखने को मिली थी।







## होती हैं कई प्रॉब्लम्स

जंक फूड खाने से कोई एक तरह की समस्या नहीं होती, सिर्फ मोटापा ही जंक फूड का अकेला नुकसान नहीं है। सच बात तो यह है कि जंक फूड युवाओं की समूची सेहत पर जंग लगा रहा है। ऐसा स्वाभाविक है, क्योंकि जंक फूड में एक नहीं अनेक हानिकारक तत्व होते हैं। जैसे- इसमें बेहिसाब कैलोरी होती है, इसे नियमित खाने से इसकी लत पड़ जाती है। यह हमारे समूचे पाचनतंत्र को खराब कर डालता है। नियमित रूप से जंक फूड खाने पर हड्डियां कमजोर हो जाती हैं और हृदय संबंधी कई तरह की समस्याएं पैदा हो जाती हैं। यह अकारण नहीं है कि पिछले एक दशक में युवाओं में हृदय संबंधी बीमारियां तेजी से बढ़ी हैं। आज भारत के हृदय रोगियों में 12 से 15 फीसदी युवा हैं। अब के पहले इतने युवा हृदय संबंधी बीमारियों से पीड़ित कभी नहीं होते थे। हाल के दिनों में चलते-फिरते बहुत से लोगों की जो मौत, हार्ट अटैक आने के कारण देखने को मिली है, उनमें बड़ी संख्या में युवा भी शामिल रहे हैं।

## डायबिटीज की बड़ी वजह है जंक फूड



जंक फूड युवाओं को भी उसी तरह से मधुमेह या शुगर का मरीज बना रहा है, जैसे पिछले कुछ दशकों में अधेड़ों पर डायबिटीज ने अपना शिकंजा कसा है। युवाओं में आमतौर पर जो टाइप-2 मधुमेह की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है, उसका कारण मुख्य रूप से यही जंक फूड है। सबसे बड़ी बात यह है कि जंक फूड हमारे फैटी लिवर के लिए तो जिम्मेदार है ही, इससे कई तरह के कैंसर होने की भी समस्याएं बढ़ रही हैं। कुल मिलाकर देखा जाए तो जंक फूड युवाओं पर बेहद घातक असर डाल रहा है। जंक फूड के कारण ना सिर्फ युवा बड़े पैमाने पर आलसी हो रहे हैं, उनमें मोटापा बढ़ रहा है बल्कि वे बड़ी तेजी से चिड़चिड़े भी हो रहे हैं।

## पड़ जाती है जंक फूड की लत

जंक फूड खाने से इतनी सारी समस्याएं होने की वजह जंक फूड में मौजूद चीनी, नमक, मसाले और वसा की अधिकता का होना है। जंक फूड में निर्धारित मात्रा से कहीं ज्यादा कैलोरी, ट्रांसफैट चीनी और नमक होता है। जंक फूड के कारण वजन बढ़ता है, डायबिटीज हो जाती है और अधेड़ों की तरह युवाओं में जोड़ों का दर्द भी जंक फूड के कारण ही बढ़ रहा है। चूंकि इसके खाने के बाद इसका प्रभाव युवाओं के डोपामाइन सिस्टम को हाईजैक कर लेता है, इसलिए युवाओं को जंक फूड की ना सिर्फ लत पड़ जाती है बल्कि उन्हें लगने लगता है कि वे जंक फूड खाए बिना खुश रह ही नहीं सकते। जंक फूड खाने से हमारे पेट में लंबे समय तक प्रोसेस्ड फूड जमा रहता है। इस कारण भूख लगने में कमी आती है और हमारा पाचनतंत्र डिस्टर्ब हो जाता है। जंक फूड में मौजूद शुगर हमारी हड्डियों को नुकसान पहुंचाता है। इसलिए जंक फूड से दूर रहने में ही भलाई है। *

## युवाओं की डाइट हो ऐसी

**ऐसे में** सवाल है, आखिर युवाओं के खान-पान में कैसा कॉम्बिनेशन हो, जो उन्हें भरपूर एनर्जी भी दे, उत्साही भी रखे और किसी तरह की स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां भी ना पैदा हों। इसके लिए विशेषज्ञ कहते हैं कि 15 से 25 साल तक के युवाओं के खान-पान में अधिकतम 5 फीसदी ही जंक फूड या मीठा होना चाहिए। उनकी डाइट में 40 फीसदी अनाज, 35 फीसदी फल और सब्जियां, 20 फीसदी प्रोटीन और 5 फीसदी फास्ट फूड या मिठाई होनी चाहिए। ये 5 प्रतिशत जंक फूड भी वही युवा ले सकते हैं, जो नियमित रूप से एक्सरसाइज करते हैं। जो युवा रेग्युलर एक्सरसाइज नहीं करते, उन्हें बिल्कुल भी जंक फूड या फास्ट फूड नहीं खाना चाहिए, क्योंकि इससे वे कई रोगों के शिकार हो सकते हैं।



---


हर्बल जोन

रेखा देशराज

# मौसमी रोगों से बचाए गिलोय

मानसून का मौसम खांसी, जुकाम, मलेरिया, चिकनगुनिया के साथ-साथ कई तरह के संक्रमणों की आशंका लेकर आता है। इसलिए इस दौरान बड़ी संख्या में लोग बीमार पड़ते हैं। इस मानसूनी संक्रमण से बचने के लिए अच्छी डाइट के साथ-साथ कुछ विशेष जड़ी-बूटियों का इस्तेमाल भी करना चाहिए, जो हमें इस मौसम में बीमार होने से बचाती हैं। गुडुची या गिलोय एक बहुत ही फायदेमंद जड़ी-बूटी है। इसको देसी भाषा में अमृता भी कहते हैं और इस नामकरण के पीछे इसके अमृत जैसे गुण ही हैं। इसे गिलोय इसलिए कहते हैं क्योंकि इसमें गिलोइन नामक ग्लूकोसाइट और टिनोस्पोरिन, पामेरिन और टिनोस्पोरिक एसिड भी पाए जाते हैं। गिलोय में कॉपर, आयरन, फास्फोरस, जिंक, कैल्शियम और मैग्नीज का भी पर्याप्त भंडार होता है।


**कई रोगों में कारगरः** गिलोय हमें ना सिर्फ कई तरह के संक्रमणों से बल्कि कब्ज और गैस जैसी खान-पान संबंधी



बीमारियों से भी बचाती है। इसमें हमारे इम्यून सिस्टम को मजबूत करने का जबरदस्त गुण होता है। इसलिए कोरोना के दौरान लोगों ने इसका बहुत ज्यादा सेवन किया था। चूंकि मानसून का मौसम बेहद संक्रामक होता है, इसलिए इस मौसम में स्वस्थ रहने के लिए गुडुची का इस्तेमाल जरूर करना चाहिए। यह डायबिटीज की समस्या में भी हमारे लिए मददगार होती है। चूंकि इसकी तासीर गर्म होती है, इसलिए मानसून के मौसम में सुबह शाम चाय के रूप में इसके काढ़े का सेवन हमें दिनभर एनर्जेटिक बनाए रखता है और हम जो कुछ खाते हैं, वह आराम से पच जाता है। गुडुची के नियमित इस्तेमाल से हमारी भूख भी बढ़ती है। गिलोय का जूस हमारे दिल की सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है। इसके इस्तेमाल से डेंगू, स्वाइन फ्लू और मलेरिया जैसी संक्रामक बीमारियों से बचाव होता है। इसका जूस सिर्फ बीमार होने पर या संक्रमित हो जाने पर ही असरकारी नहीं होता बल्कि सामान्य स्थितियों में भी इसके इस्तेमाल से हमारा शरीर फोड़े, फुंसियों, रक्तविकार और कई तरह की त्वचा संबंधी परेशानियों से बचा रहता है।

**बरतें सावधानीः** गिलोय बहुत उपयोगी जड़ी-बूटी है, फिर भी अपने मन से इसका सेवन करना नुकसानदायक हो सकता है। इसलिए इस बेल के पत्तों का या इसके तने का या इसके किसी भी हिस्से का इस्तेमाल करने से पहले एक बार जड़ी-बूटियों के जानकार अनुभवी वैद्य या आयुर्वेद विशेषज्ञ से राय जरूर ले लें। *

---



प्रिवेंशन

विनीता

बारिश के मौसम में एसिडिटी की समस्या से अधिकतर लोग परेशान रहते हैं। क्यों होता है ऐसा और इससे कैसे करें अपना बचाव, यहां बता रहे हैं डिटेल में।

# एसिडिटी से ऐसे बचें

महानगरीय अस्त-व्यस्त जीवनशैली और खान-पान में लापरवाही की वजह से जो स्वास्थ्य समस्याएं पनप रही हैं, एसिडिटी भी उनमें से एक है। अगर सही समय पर इसका उपचार ना किया जाए तो यह समस्या आगे चलकर गंभीर रूप धारण कर सकती है।

**क्या होती है एसिडिटीः** फूड पाइप के ठीक नीचे खाने की थैली होती है, जिसे स्टमक कहा जाता है। इसकी भीतरी दीवारों की कोशिकाओं से हाइड्रोक्लोरिक एसिड का स्राव होता है, जो भोजन को पचाने का काम करता है, लेकिन कई बार स्टमक जरूरत से अधिक मात्रा में एसिड बनाने लगता है, जिसकी वजह से आपको एसिडिटी की समस्या हो सकती है।

**प्रमुख लक्षणः** एसिडिटी के प्रमुख लक्षणों में सीने में जलन, पेट के ऊपरी हिस्से में दर्द, जी मिचलाना, उल्टियां आना, गला सूखना, भोजन में अरुचि, खट्टी डकारें आना, पेट में भारीपन, कब्ज, बेचैनी और सांस लेने में तकलीफ शामिल हैं।

**समस्या की वजहः** सुबह नाश्ता ना करना, लंबे समय तक खाली पेट रहना या ओवर ईटिंग, चावल, घी-तेल, मिर्च-मसाले का अधिक मात्रा में सेवन, क्रोध या मानसिक तनाव के कारण भी एसिड का सीक्रेशन बढ़ जाता है। चाय, कॉफी, एल्कोहल और सिगरेट का अधिक मात्रा में सेवन, भोजन को अच्छी तरह नहीं चबाना, खान-पान की अनियमित हैबिट, पर्याप्त नींद ना लेना, एक्सरसाइज-शारीरिक गतिविधियों में कमी, दर्द निवारक दवाओं का लगातार या अधिक मात्रा में सेवन करने से एसिडिटी की समस्या



बढ़ सकती है। इनके अलावा कुछ और फैक्टर्स होते हैं, जिससे एसिडिटी की समस्या बढ़ जाती है।

**जॉब नेचरः** जिन लोगों को ज्यादा देर तक बैठकर काम करना पड़ता है, उनके पाचन की क्रिया धीमी हो जाती है, इस वजह से उन्हें भी एसिडिटी हो जाती है। ऐसे में उन्हें हर दो घंटे के अंतराल पर सीट से उठकर पांच मिनट के लिए टहल लेना चाहिए। पैदल चलें, लिफ्ट के बजाय सीढ़ियों का इस्तेमाल करें। अगर फील्ड जॉब में हों तो बिस्किट, फल, सैंडविच और जूस जैसी चीजें अपने साथ रखें, ताकि बीच में भूख लगने पर आपको बाहर की नुकसानदायक चीजें खानी ना पड़ें।

**प्रेग्नेंसीः** इस अवस्था में महिलाओं के शरीर से कुछ हार्मोन का स्राव तेजी से होने लगता है, इसी वजह से लिवर के काम करने की गति धीमी हो जाती है। इससे भोजन पचने में काफी समय लगता है और पेट में गैस बनने लगती है। प्रेग्नेंसी के आखिरी तीन महीनों में गर्भाशय का आकार बड़ा हो जाता है, जिससे स्फिंक्टर (फूड पाइप के निचले हिस्से) व आंतों पर दबाव पड़ता है और अनपचा भोजन ऊपर की तरफ वापस आने लगता है, इससे गर्भावस्था में भी एसिडिटी और कब्ज की समस्या होती हैं। ऐसी समस्या से बचाव के लिए एक ही बार ज्यादा खाने के बजाय हर दो घंटे के अंतराल पर थोड़ा-थोड़ा खाएं। भोजन अच्छी तरह चबाकर करें।

**बढ़ती उम्रः** बुढ़ापे में पाचन शक्ति कमजोर हो जाती है, जिससे एसिडिटी और गैस की समस्या परेशान करने लगती है। इससे बचाव के लिए अपनी डाइट में फाइबर युक्त चीजों, जैसे- सूजी, दलिया, ओट्स, हरी सब्जियों और फलों को प्रमुखता से शामिल करें। अपनी दिनचर्या में योग और एक्सरसाइज को जरूर शामिल करें। *

**(सर गंगाराम हॉस्पिटल, दिल्ली में एचओडी-गैस्ट्रोलॉजी, डॉ. सौमित्र रावत से बातचीत पर आधारित)**

---

बारिश के मौसम में संक्रमण से बचाव के लिए न्यूट्रिशस डाइट और हेल्दी लाइफस्टाइल के साथ-साथ अगर आप नियमित अर्ध-मत्स्येंद्रासन का अभ्यास करें, तो भी संक्रमण से बचे रह सकते हैं। इसकी विधि और सावधानियों के बारे में जानिए।

# मानसूनी संक्रमण से बचाने में कारगर अर्ध-मत्स्येंद्रासन



योगोपचार

दिव्यज्योति 'नंदन'

बारिश के मौसम में कई तरह के इंफेक्शन की आशंका बढ़ जाती है, क्योंकि बारिश के कारण वातावरण में हल्की ठंडक के साथ उमस भी रहती है। ऐसे मौसम में वायरस और बैक्टीरिया खूब फलते-फूलते हैं। इसलिए इन दिनों में अपनी सेहत को लेकर अतिरिक्त रूप से सजग रहने की जरूरत होती है। अगर इस दौरान हर दिन नियमित रूप से कुछ आसन, जैसे- अर्ध-मत्स्येंद्रासन (हाफ फिश पोज), हलासन, पवनमुक्तासन और सुप्त व्रजासन किए जाएं, तो ये हमें स्वस्थ रखने में मददगार होते हैं। वैसे तो ये सभी आसन महत्वपूर्ण हैं, लेकिन इनमें सबसे आसान और सबसे कारगर अर्ध-मत्स्येंद्रासन है। इसलिए अगर मानसून के मौसम में नियमित रूप से अर्ध-मत्स्येंद्रासन किया जाए, तो हम कई तरह की शारीरिक परेशानियों जैसे मांसपेशियों की जकड़न और बार-बार होने वाले वायरल इंफेक्शन से बचे रह सकते हैं।

**क्यों महत्वपूर्ण है अर्ध-मत्स्येंद्रासनः** महान योगी मत्स्येंद्रनाथ के नाम पर बना अर्ध-मत्स्येंद्रासन, मानसून के मौसम में हमारे शरीर को कई तरह के फायदे पहुंचाता है। यह हमारे ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर बनाता है। मानसून के मौसम में मांसपेशियां जकड़ जाती हैं, वहीं नियमित रूप से यह आसन करने से इस मौसम में भी मांसपेशियों में अकड़न या जकड़न नहीं आती। इस मौसम में पाचन संबंधी समस्या होती है, नियमित रूप से अर्ध-मत्स्येंद्रासन करके हम इस समस्या से मुक्त हो सकते हैं। नियमित रूप से इस आसन को करने से हमारी रीढ़ की हड्डी मजबूत और लचीली बनती है। इससे पीठ के निचले हिस्से की मांसपेशियां दर्दरहित आराम में रहती है। इस सबके अलावा मानसून में नियमित रूप से अर्ध-मत्स्येंद्रासन करने पर हम इस मौसम में होने वाले विशेष तनाव से भी बचे रहते हैं।

**आसन करने का तरीकाः** अर्ध-मत्स्येंद्रासन करने के लिए योगा मैट पर अपने दो पैरों को सामने की ओर फैलाकर बैठ जाएं। ध्यान रखें, इस दौरान दोनों पैर साथ हों और रीढ़ की हड्डी बिल्कुल सीधी हो। इसके बाद बाएं पैर को मोड़ें और इस पैर की एड़ी को दाहिने कूल्हे के पास ले जाएं। अब दाहिने पैर को बाएं घुटने के ऊपर से सामने की तरफ रखें। कमर, कंधों और गर्दन को दाहिनी तरफ से मोड़ते हुए इसी तरफ के कंधे के ऊपर से देखें। इस अवस्था को आसानी से जितनी देर बनाए रखना संभव हो बनाए रखें, फिर लंबी और गहरी सांस लें। सांस छोड़ते ही पहले दाहिने हाथ को ढीला छोड़ें, फिर कमर, छाती और गर्दन को क्रमशः ढीला छोड़ें। इस मुद्रा में भी 20 से 30 सेकेंड तक रहें और फिर इसी प्रक्रिया को विपरीत दिशा से दोहराएं।

**बरतें सावधानीः** अर्ध-मत्स्येंद्रासन करते समय कुछ बातों को ध्यान रखना जरूरी होता है। मसलन, शरीर को अंतिम मुद्रा में मोड़ते समय सुनिश्चित करें कि आप सांस बाहर की तरफ छोड़ रहे हैं। ऐसा करने से आपको झुकने में आसानी रहेगी। इस बात का भी ध्यान रखें कि इस मुद्रा को खोलते समय धीरे-धीरे लेकिन गहरी सांस लें। चूंकि अर्ध-मत्स्येंद्रासन करते समय रीढ़ की हड्डी काफी मुड़ती है, इसलिए बड़ी सजगता और सावधानी से आसन करें, सिर्फ एक तरफ ना करें, दूसरी तरफ भी करें। अगर सिर्फ एक तरफ करेंगे तो इससे रीढ़ की हड्डी को परेशानी होगी। जब दोनों तरफ से करेंगे तो रीढ़ की हड्डी ज्यादा संतुलित और स्वस्थ रहेगी।

**इन बातों का भी रखें ध्यानः** कोशिश करें कि अर्ध-मत्स्येंद्रासन सुबह के समय करें और सुबह भी बहुत जल्दी, जब तक सूरज ना निकला हो। अगर बहुत सुबह आपके लिए संभव नहीं है तो दिन में कभी भी आसन कर सकते हैं। लेकिन ध्यान रखें, इसे खाली पेट या भोजन करने के चार से छह घंटे बाद ही करें।

अगर हृदय, पेट, हड्डी या मस्तिष्क में से किसी की भी सर्जरी हुई हो तो अर्ध-मत्स्येंद्रासन करने से परहेज करें। यदि पेप्टिक अल्सर या हार्निया से पीड़ित हों, तो भूलकर भी यह आसन ना करें। रीढ़ की हड्डी में कभी चोट लगी हो तो अर्ध-मत्स्येंद्रासन करने से बचें। बहुत हल्का स्लिप डिस्क हो तो इस आसन से कुछ फायदा हो सकता है, लेकिन गंभीर हो तो भूलकर भी ना करें। आसन करने से पहले डॉक्टर से कंसल्ट जरूर कर लें। *

**खबर संक्षेप**



झज्जर। प्रचार अभियान में जुटी भजन पार्टियां। फोटो :हरिभूमि

### लोक गीतों से प्रचार में जुटी भजन ड्रामा पार्टियां

**झज्जर।** लोक गीतों के माध्यम से सूचना, जनसंपर्क, भाषा और संस्कृति विभाग की भजन पार्टियां विशेष प्रचार अभियान में जुटी हुई हैं। गांव-गांव जाकर पार्टियां सरकारी योजनाओं के अलावा सामाजिक विषयों पर आमजन को जागरूक कर रही हैं। डीआईपीआरओ कुलदीप सिंह बांगड़ ने ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार अभियान का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### मछली पालन के लिए जागरूक किया

**झज्जर।** डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने कहा कि किसानों और मछली पालन का धंधा करने वाले लोगों के लिए प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना आर्थिक स्थिति मजबूत करने में वरदान साबित हो रही है। योजना के तहत 40 से 60 प्रतिशत वित्तीय सहायता का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि जिले के उन गांवों के लोगों को मत्स्य पालन के प्रति प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिन गांवों में बरसात के पानी के ठहराव होता है या भूमि बंजर है।

## सरकार ग्रामीण चौकीदारों की मांगों को अनदेखा कर रही

# लंबित मांगों को लेकर चौकीदारों ने किया प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा

■ मात्र 11 हजार रुपये वेतन पर चौबीसों घंटों काम करना पड़ रहा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर**

लंबित मांगों को लेकर जिला ग्रामीण चौकीदार सभा द्वारा बुधवार को लघु सचिवालय पहुंच कर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता जिला प्रधान नरेश शाहपुर ने की जबकि संचालन दयाकिशन द्वारा किया गया। प्रदर्शन के दौरान लघु सचिवालय परिसर में मौजूद राज्य उपप्रधान राजेंद्र सुलौधा ने कहा कि सरकार ग्रामीण चौकीदारों की मांगों का अनदेखा कर रही है। उन्हें मात्र 11 हजार रुपये वेतन पर चौबीसों घंटों काम करना पड़ रहा है। ऐसे में परिवार का गुजारा मुश्किल हो रहा है। सरकार की सूचना को मुनादी के जरिए जन-जन तक पहुंचाना, सम्मन कराना, पटवारी के साथ खेतों में जाकर गिरदावरी कराना, जिला प्रशासन व पुलिसकर्मियों के गांव पहुंचने पर उनके साथ रहकर कार्य में सहयोग सहित अनेक कार्य ग्रामीण चौकीदार द्वारा किए जाते हैं। उनकी मुख्य मांगों में ग्रामीण चौकीदार की मृत्यु पर आश्रितों को दस लाख रुपये मुआवजा देना, रिक्त पड़े पदों को शीघ्र भरा जाना, ग्रामीण चौकीदारों को पक्का करना जब तक पक्का नहीं किया जाता तब तक 26 हजार रुपये वेतन देना आदि शामिल है। उन्होंने कहा कि यदि उनकी मांगों को आगामी 12 जुलाई को होने वाली कैबिनेट की मीटिंग में पूरा नहीं किया गया तो वे प्रदेश स्तरीय आंदोलन करेंगे। इसके बाद उन्होंने नायब तहसीलदार को अपना ज्ञापन सौंपा।



झज्जर। प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए ग्रामीण चौकीदार।

# परनाला में विद्यार्थियों को किया जागरुक



बहादुरगढ़। परनाला में विद्यार्थियों को जागरुक करते एसआई सत्यप्रकाश।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़**

बुधवार को यातायात समन्वयक सत्यप्रकाश ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परनाला के विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा व साइबर क्राइम के नियमों के संबंध में जानकारी दी। मोबाइल पर अंजान व्यक्ति द्वारा भेजे गए किसी भी लिंक को ना खोले। साइबर फ्रॉड होने पर तुरंत 1930 पर कॉल करके शिकायत दर्ज करवाएं। विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों की पालना करने के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बताया कि दो पहिया वाहन पर हेलमेट और चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग जरूर करें। वाहन चलाते समय किसी भी प्रकार का नशा न करें। वाहन चलाते समय तेज आवाज में म्यूजिक न चलाएं तथा रोड पर दिखाई देने वाले चिन्हों की पालना करें।

# जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप में हितेश ने जीता स्वर्ण पदक

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर**

पेस आईआईटी और मेडिकल संस्थान के आठवीं कक्षा के छात्र हितेश ने बहादुरगढ़ में हुई जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत कर संस्थान का नाम रोशन किया है। डायरेक्टर जय विकास ने बताया कि जूनियर बैडमिंटन में हितेश ने सभी श्रेणियों में पोजिशन हासिल की। उसने अंडर 15 आयु वर्ग के लड़कों में डबल में पहला स्थान, अंडर 15 लड़कों में सिंगल में पहला स्थान, अंडर 15 में मिक्स डबल में पहला स्थान, अंडर 13 लड़कों में डबल में पहला स्थान, अंडर 13 लड़कों में सिंगल में दूसरा स्थान हासिल किया। हितेश ने ऑल इंडिया नेशनल जूनियर रैंकिंग में भारत में टॉप 10 में अपना नाम दर्ज कराया। इस उपलब्धि पर उन्होंने अभिभावकों व कोच अतुल को बधाई देते हुए हितेश के उज्जवल भविष्य की कामना की है।



# स्नातक कक्षाओं में दाखिले के लिए शेड्यूल में हुआ बदलाव, दूसरी मेरिट लिस्ट आएगी कल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर**

विभिन्न कॉलेजों की बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए और बीसीए आदि स्नातक कक्षाओं में दाखिले की दूसरी मेरिट लिस्ट शुक्रवार को आएगी। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि इस लिस्ट में जिन विद्यार्थियों का नाम आएगा, वे 12 जुलाई से 15 जुलाई तक फीस भर सकेंगे। उन्होंने बताया कि पहली और दूसरी मेरिट लिस्ट के बाद बची खाली सीटों को भरने के लिए ओपन काउंसलिंग 17 जुलाई से शुरू होगी जबकि नए आवेदनों के लिए एडमिशन पोर्टल 17 जुलाई से खुलेगा। 30 जुलाई तक नए आवेदन किए जा सकेंगे। जबकि 18 जुलाई से 24 जुलाई तक 100 रुपये लेट फीस के साथ दाखिले होंगे। इसके बाद 25 जुलाई से 30 जुलाई तक 100 रुपये लेट फीस के अलावा 100 रुपये प्रतिदिन अतिरिक्त शुल्क लगेगा। कक्षाएं दूसरी मेरिट लिस्ट के दाखिले होने के बाद शुरू होंगी।

### अब तक 299 विद्यार्थियों ने करवाई फीस जमा



डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि नेहरू कॉलेज में अब तक 299 विद्यार्थियों ने फीस जमा करवाई है। उन्होंने बताया कि नेहरू कॉलेज में सात स्नातक स्तरीय पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। पहली मेरिट लिस्ट के तहत अब तक बीए के 163, बीएससी फिजिकल साइंस के 30, बीएससी लाइफ साइंस के 18, बीकॉम के 28, बीबीए के 16, बीसीए के 39और बीएससी गणित के पांच विद्यार्थियों ने फीस जमा करवाई है।



झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए एडीसी सलोनी शर्मा।

### पीपीपी त्रुटियों को ठीक करने के लिए पांच दिवसीय कैंप का शुभारंभ आज

**झज्जर।** नागरिकों के परिवार पहचान पत्रों की त्रुटियों को ठीक करने के लिए जिले में 11 से 15 जुलाई तक विशेष कैंप लगाए जाएंगे। कैंप की तैयारियों को लेकर एडीसी सलोनी शर्मा ने बुधवार को अधिकारियों की मीटिंग लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कैंप के लिए शहर व गांवों में मुनादी करवाई जा रही है ताकि अधिक से अधिक नागरिक अपनी पीपीपी की त्रुटियों को दुरुस्त करवाने के लिए कैंप का लाभ उठा पाएं। नागरिक शिविरों में जन्म-तिथि सत्यापन, नाम अपडेट, जाति, बैंक खाता सत्यापन, वैवाहिक स्थिति दर्ज करवाने, दिव्यांग डाटा दर्ज करवाना, पिता, माता, पत्नी या पति का नाम ठीक करवाने सहित कई अन्य कार्य करवा सकते हैं।

# डेंगू के बचाव के लिए किया जागरूक

■ यदि पानी जमा करना आवश्यक हो तो उसे ढक कर रखें

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर**

बरसाती मौसम में मलेरिया, डेंगू और पानी जनित बीमारियां फैलने के खतरे को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य कर्मियों ने बुधवार को सिलानी गांव में घर-घर जाकर ग्रामीणों को जागरूक किया। बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता आनन्द कुमार और हेल्थ इंस्पेक्टर जगदीप सिंह लोगो को मलेरिया व डेंगू से बचाव की प्रति प्रेरित करते हुए अपने आसपास सफाई का विशेष ध्यान रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि मलेरिया के मुख्य लक्षणों में तेज बुखार होना और साथ में ठंड लगना, उल्टी और सिर में दर्द होना, बुखार उतरते समय पसीना आना आदि शामिल है। डेंगू में मांसपेशियों व जोड़ों में दर्द, जी मिचलाना व उल्टी होना, गंभीर मामलों में नाक, मुंह व मसूड़े से खून आना, त्वचा पर चतके उभारना, आंखों के पीछे दर्द होने के लक्षण दिखाई देते हैं। लोगों को कूलर, पानी की टंकी, पक्षियों के पानी पीने का बर्तन, फ्रिज-ट्रे, फूलदान, नारियल खोल, टूटे हुए बर्तन और टायर में पानी जमा न होने देने के लिए प्रेरित किया। यदि पानी जमा करना आवश्यक हो तो उसे ढक कर रखें। एंटी लारवा एक्टिविटी में पिंकी देवी,सरला देवी, सुमन, निशा देवी आदि आशा वर्कर ने भी सहयोग किया।



झज्जर। घरों में रखी पानी की टंकियों की जांच करते हुए स्वास्थ्य कर्मी।



झज्जर। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं को सुनते हुए एडीसी सलोनी शर्मा। फोटो :हरिभूमि

### शिविर में 54 नागरिकों की शिकायतों पर हुई सुनवाई

**झज्जर।** बुधवार को आयोजित समाधान शिविर में एडीसी सलोनी शर्मा ने नागरिकों की शिकायतों पर सुनवाई की। शिविर में परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड की सामान्य शिकायतों के अलावा बॉक्सिंग हॉल की मरम्मत करवाने, बारिश में ढह गए मकान के मुआवजे, भावांतर योजना की लंबित राशि के भुगतान आदि की शिकायतें लेकर नागरिक पहुंचे। शिविर में कुल 54 नागरिक शिकायत लेकर पहुंचे, जिनकी सुनवाई करने के बाद एडीसी ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए।



झज्जर। हरियाणा शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉक्टर वीपी यादव को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए झज्जर प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### प्राइवेट स्कूल संचालकों ने की हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन से मुलाकात

**झज्जर।** झज्जर प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन का एक प्रतिनिधि मंडल एसोसिएशन प्रधान सुखबीर सिंह धनखड़ की अध्यक्षता में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉक्टर वीपी यादव से मिलने पहुंचा। प्रतिनिधि मंडल ने शिक्षा बोर्ड को मिलने वाले श्रेष्ठ अवार्ड के लिए चेयरमैन को बधाई देते हुए उनका पगड़ी पहना कर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। इसके बाद उन्होंने प्राइवेट स्कूलों की समस्याओं से अवगत कराया। चेयरमैन ने प्रतिनिधि मंडल द्वारा दिए गए सुझावों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए उन्हें बोर्ड द्वारा बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। इस मौके पर एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सुभाष सिंह, जितेन्द्र रोहिल्ला, राजबीर यादव, दीपक शर्मा, सतीश शर्मा, सत्यनारायण रंगा, अनिल गुलिया, मदनलाल शर्मा, संजय दलाल व डॉक्टर जयभगवान शर्मा सहित अन्य भी मौजूद रहे।

# स्वयंसेविकाओं ने नूना माजरा में किया पौधरोपण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़**

वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय द्वारा चलाए जा रहे तरु तरंग अभियान तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत गांव नूना माजरा में पौधरोपण किया गया। प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने कहा कि हम पेड़ पौधे लगाकर धरती मां के ऋण से मुक्त हो सकते हैं। अपनी धरती मां के सम्मान में हमें एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए। पौधे लगाने के साथ-साथ इनकी नियमित देखभाल करनी भी जरूरी है। स्वयंसेविकाओं ने अपनी मां के नाम पर समर्पित करते हुए पौधा लगाया तथा ग्रामवासियों को पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरूक किया। हम सबको अपने घर तथा आसपास के क्षेत्र में पौधे लगाने चाहिए। इस अवसर पर दलजीत कौशिक, प्रोग्राम कोआर्डिनेटर डॉ. अन्नू शर्मा, अजय, अनीता व स्वयंसेविकाएं मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। नूना माजरा में पौधे लगाती डॉ. आशा शर्मा। फोटो :हरिभूमि

# एक पेड़ मां के नाम मुहिम के अंतर्गत भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया पौधरोपण



झज्जर। महाराजा अग्रसेन जयंती पार्क में पौधरोपण करते हुए भाजपा कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर**

■ पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण करना जरूरी

हरियाणा सरकार की मुहिम एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने शहर के डाकखाना परिसर स्थित महाराजा अग्रसेन जयंती पार्क में पौधरोपण किया। पौधरोपण के दौरान मौजूद भाजपा नेता डीपी कौशिक ने बताया कि उन्होंने छुछकवास गांव व शहरी क्षेत्र में पौधरोपण किया है। लोगों को दिए अपने संदेश में उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण करना जरूरी है। व्यक्ति को चाहिए कि वे अपने प्रियजनों के नाम पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं। उनका यह अभियान पिछले कई दिनों से जारी है। इस मौके सतबीर सिंह चुम्बक एडवोकेट, सोमवती जाखड़, राज रानी, शकुंतला जाखड़, साहिल, सोनू सहित अन्य भी मौजूद रहे।

**प्रतियोगिता** | आरईडी स्कूल में लिटरेरी क्लब की ओर से अंतर सदनीय अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

# अंग्रेजी वाद विवाद प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

■ प्रतियोगिता परिणामों में छठी कक्षा से रमन सदन प्रथम रहा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर**

आरईडी स्कूल में लिटरेरी क्लब की ओर से बुधवार को अंतर सदनीय अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में तर्क शक्ति और भाषा कौशल को बढ़ावा देना रहा। प्राचार्या अनिता सिवाच ने प्रतियोगिता की शुरूआत करते हुए वाद-विवाद की महत्ता पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिता के दौरान क्या घर में नियम होने चाहिए?, क्या गृहकार्य आवश्यक हैं?, डिजिटल तकनीक के फायदे और नुकसान, फोन लेने की उम्र 18 होनी चाहिए, हमें शाकाहारी होना चाहिए आदि विषयों को शामिल किया गया। प्रतियोगिता परिणामों में छठी कक्षा से रमन सदन ने प्रथम स्थान, टैगोर ने द्वितीय तथा सुभाष सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सातवीं में रमन सदन पहले, सुभाष सदन दूसरे तथा टैगोर सदन तीसरे स्थान पर रहा। आठवीं में सुभाष सदन प्रथम, रमन व टैगोर सदन संयुक्त रूप से द्वितीय तथा गांधी सदन तृतीय रहा। नौवीं में रमन सदन ने पहला, सुभाष सदन ने दूसरा व गांधी सदन ने तीसरा स्थान हासिल किया। दसवीं कक्षा में टैगोर सदन पहले, गांधी सदन दूसरे व सुभाष सदन के विद्यार्थी तीसरे स्थान पर रहे। ग्यारहवीं कक्षा में टैगोर सदन के विद्यार्थियों ने प्रथम, गांधी सदन ने द्वितीय तथा सुभाष सदन के विद्यार्थियों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या ने विजेता विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।



झज्जर। अध्यापिकाओं के साथ प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### दिल्ली अस्पताल में लेजर से हुआ पथरी का इलाज

**बहादुरगढ़।** दिल्ली अस्पताल और नर्सिंग होम ने गुर्दे की पथरी के इलाज के लिए लेजर सर्जरी शुरू की है। लेजर एक आधुनिक तकनीक है, जो डॉक्टर को बिना चीरा लगाए सर्जरी करने में मदद करता है। अस्पताल के चिकित्सा निदेशक डॉ. एसके बंसल ने बताया कि वे 35 वर्षों से मरीजों को विश्वसनीय उपचार दे रहे हैं। लेजर सर्जरी में किसी प्रकार का दर्द नहीं होता और कोई खून का नुक्सान नहीं होता है। मरीज को 24 घंटे से भी कम समय में छुट्टी मिल जाती है और वह अगले दिन से सामान्य जीवन शुरू कर सकता है। यह सेवा शुरू करने के साथ ही अस्पताल में यूरोलॉजी सर्जन डॉ. जितेंद्र सिंह परामर्श और सर्जरी के लिए प्रतिदिन उपलब्ध हैं।

### मारपीट और धमकी देने के आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने शुक्रपुरा में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान पर 16 जून को कई लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पुलिस ने शुक्रपुरा निवासी पवन, जितेंद्र, हर्ष, विजय व राजेश को काबू कर लिया।

**सूचना**

मैं, ओम प्रकाश पुत्र श्री सूरज सिंह निवासी मकान नंबर-804, अशोक विहार, लाइनपार, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा छोटा पुत्र नरेंद्र तथा पुत्रवधु किरण मेरे कहने सुनने से बाहर हैं और मैं उनसे अपने तमाम संबंध समाप्त करते हुए अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनके साथ किसी तरह का लेन-देन करने व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। नरेंद्र तथा उसकी पत्नी किरण अपने प्रत्येक कार्य के लिए स्वयं जिम्मेवार होंगे। मेरा व मेरी पत्नी का उनसे कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा।

## खबर संक्षेप

### दिनेश ने लड्डू बांटे और पटाखे फोड़े

**बहादुरगढ़।** सेवामूर्ति दिनेश कौशिक ने मोहनलाल बड़ौली के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने पर अपने सेक्टर-2 कार्यालय में लड्डू बांटकर और पटाखे जलाकर खुशी मनाई। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष के पद पर मोहन लाल की नियुक्ति के लिए भाजपा नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर रामकंवार सैनी, नरेश भारद्वाज, राम अहलावत, सुरेंद्र भारद्वाज, मुकेश कौशिक, ताऊ महेंद्र, दर्शन, राजेश व बबलू आदि मौजूद रहे।

### धर्मवीर वर्मा ने जाहिर की खुशी

**बहादुरगढ़।** भाजपा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व वाइस चेयरमैन धर्मवीर वर्मा ने विधायक मोहन लाल बड़ौली के भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई देते हुए खुशी जताई है। उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल व सीएम नायब सैनी का भी आभार जताया। बड़ौली की संगठनात्मक कार्यकुशलता के अनुभव का पार्टी को भरपूर लाभ मिलेगा।

### एडवोकेट बलबीर ने भी बांटी मिठाई

**बहादुरगढ़।** वरिष्ठ भाजपा नेता एडवोकेट बलबीर सिंह ने मोहनलाल बडौली को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने की बधाई दी। अपने कार्यालय पर लड्डू बांटकर उनकी नियुक्ति की खुशी मनाई। संगठन को प्रदेश में मजबूती मिलेगी। वे भाजपा संगठन में विभिन्न पदों पर रहकर संगठन व सरकार को मजबूत करते आए हैं।

### जैन ने बड़ौली को दी बधाई

**बहादुरगढ़।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ. पंकज जैन ने मोहनलाल बड़ौली को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने पर बधाई दी। बड़ौली का मुंह मीठा कराकर उन्हें नियुक्ति पर बधाई देते हुए जैन ने कहा कि सभी कार्यकर्ता उनके नेतृत्व में विधानसभा चुनाव के लिए जी-जान से प्रचार करेगा। उनकी नियुक्ति से संगठन भी मजबूत होगा।

### पूर्व विधायक कौशिक ने भी बांटे लड्डू

**बहादुरगढ़।** विधायक मोहन लाल बड़ौली को भाजपा का प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर पूर्व विधायक नरेश कौशिक ने भी लड्डू बांटकर खुशी जताई। इसके लिए उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व मुख्यमंत्री नायब सैनी समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया। कौशिक के अनुसार पार्टी संगठन में उनके लम्बे अनुभव भाजपा प्रदेश में अधिक मजबूत होगी।

### जिला पार्षद रविंद्र छिल्लर ने बांटे लड्डू

**बहादुरगढ़।** जिला पार्षद रविंद्र छिल्लर बराही ने भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली की नियुक्ति की खुशी में लड्डू बांटे। संगठन में कार्य करने का उनका लंबा अनुभव सभी के लिए फायदेमंद रहेगा। उनके कुशल संगठन नेतृत्व व मार्गदर्शन में कार्यकर्ता भाजपा सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

### नीना सतपाल ने दी शुभकामनाएं

**बहादुरगढ़।** विधायक मोहन लाल बड़ौली को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बनाए जाने पर हरियाणा भाजपा महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष डा. नीना सतपाल राठी ने बधाई देते हुए खुशी जताई है। बड़ौली के प्रदेशाध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी शीर्ष नेतृत्व का आभार भी जताया है। उनके अनुसार बड़ौली के प्रदेशाध्यक्ष बनाए जाने से संगठन को अधिक मजबूती मिलेगी।

## प्रदेश के 21 जिलों में नेशनल ऑब्जर्वरों की नियुक्ति

# शीतल मान बनी भिवानी की पर्यवेक्षक

मान ने कहा कि विधानसभा चुनाव को लेकर महिला संगठन मजबूती से अपने-अपने क्षेत्र में कार्य करेगा। बूथ स्तर से लेकर जिला एवं राज्य स्तर पर संगठन को मजबूत किया जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

महिला कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के लिए अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश के 21 जिलों में नेशनल ऑब्जर्वरों की नियुक्ति की है। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लांबा ने ये नियुक्तियां की हैं। बहादुरगढ़ की शीतल मान को भिवानी का पर्यवेक्षक बनाया है। शीतल



**बहादुरगढ़।** महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लांबा के साथ शीतल मान।

मान ने कांग्रेस नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि राजनीति में महिलाओं की भूमिका को सशक्त बनाने और उनकी सहभागिता बढ़ाने के लिए वे भरसक प्रयास करेंगी।

**इन्हें बनाया है पर्यवेक्षक**

शालिका खुराना को अंबाला, बहादुरगढ़ की शीतल मान को भिवानी, ममता वशिष्ठ को चरखी दादरी, शिल्पी अरोड़ा को फरीदाबाद, डॉ. जाहिदा शबनम को फतेहाबाद, सुनीता सहरावत को गुरुग्राम, वंदना बैथ को हिसार, पूनम पंडित को झज्जर, श्वेजा ढुल को जींद, स्वीटी रंगा को कैथल, शिवानी मिश्रा को करनाल, ज्योति चानना को कुरुक्षेत्र, सुनीता वर्मा को महेंद्रगढ़, अरफा खानुम को नूंह, उमा सोनी को पलवल, कांता शर्मा को पानीपत, किक्की सिंधु को रेवाड़ी, सुष्मा यादव को रोहतक, सीता गर्ग को सिरसा, हरमिसरन बाजवा को सोनीपत और निकिता को यमुनानगर का पर्यवेक्षक बनाया गया है।

नेशनल ऑब्जर्वर नियुक्त होने के बाद शीतल मान बहादुरगढ़ ने कहा कि विधानसभा चुनाव को लेकर महिला संगठन मजबूती से अपने-अपने क्षेत्र में कार्य करेगा। बूथ स्तर से लेकर जिला एवं राज्य स्तर पर संगठन को मजबूत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि परिवार व समाज की धुरी माने जाने वाली महिला अब राजनीति में भी अग्रणी भूमिका निभाने को तैयार है।

उनके अनुसार बीजेपी सरकार की दस साल की अवधि में बेतहाशा बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और अपराध से हर परिवार प्रभावित है। बीजेपी सरकार जनविरोधी नीतियों से महिलाएं सर्वाधिक परेशान हैं। इसीलिए महिलाएं एकजुट होकर कांग्रेस को सत्ता तक पहुंचाएंगी।

उन्होंने कहा कि देश की आधी आबादी की बुलंद आवाज अलका लांबा के मार्गदर्शन में महिला कांग्रेस संगठन का विस्तार होगा। प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने के बाद फिर से सामाजिक न्याय स्थापित होगा। हर वर्ग की आर्थिक बदहाली दूर करना कांग्रेस की प्राथमिकता है।



**बहादुरगढ़।** ओल्ड इंडस्ट्रियल एरिया में अतिक्रमण हटाती जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

# पुराने औद्योगिक क्षेत्र में हटाया अतिक्रमण

**बहादुरगढ़।** पुराने औद्योगिक क्षेत्र में सड़क की जगह पर लोक निर्माण विभाग तथा जलापूर्ति एवं अभियांत्रिकी विभाग द्वारा करीब दो दशकों पहले बनाया ढांचा हटा दिया गया है। कॉन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष प्रवीण गर्ग के अनुसार कोबी के निरंतर प्रयासों और व्यापार मंडल के चेयरमैन बालकिशन अग्रवाल के सहयोग से करीब 17-18 वर्षों पुराना अतिक्रमण हटाया गया। कोबी अध्यक्ष प्रवीण गर्ग ने इसके लिए चेयरमैन बालकिशन अग्रवाल और एचएसआईडीसी के अधिकारियों का आभार जताया। उनके अनुसार अब ओल्ड इंडस्ट्रियल एरिया में जारी टेंडर के तहत सीवर लाइन बिछाने और सड़क बनाने का काम जल्द पूरा हो पाएगा। गर्ग ने बताया कि एमआईई में फ्री-होल्ड के प्लॉटों की म्यूटेशन के विवाद में भी चेयरमैन बालकिशन अग्रवाल के सहयोग से सकारात्मक प्रयास किए जा रहे हैं।

# सड़क दुर्घटना में काल का ग्रास बनी अध्यापिका का कराया पोस्टमार्टम, शव परिजनों को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

तलाव गांव के नजदीक हुई एक ट्रक व स्कूटी की टक्कर में अध्यापिका की मौत मामले में बुधवार को मृतका वीना पत्नी राजेश के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। अलसुबह पुलिसकर्मी व परिजन अस्पताल पहुंचे। यहां पुलिस ने परिजनों के बयान लेकर पोस्टमार्टम के लिए आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी की। मामले के जांच अधिकारी रविंद्र ने बताया कि मृतका के पति राजेश की शिकायत के आधार पर आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजनों को सौंप दिया गया है। इस



झज्जर। अस्पताल परिसर में पोस्टमार्टम के लिए कागजी कार्रवाई करते पुलिसकर्मी।

संबंध में पुलिस द्वारा नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। पुलिस को दी शिकायत में शहर के मॉडल टॉउन निवासी राजेश कुमार ने बताया कि उसकी पत्नी वीना इमलौटा के सरकारी स्कूल में अध्यापिका के पद पर कार्यरत थी। जब वह करीब साढ़े तीन बजे इमलौटा से स्कूटी पर वापस लौट रही तो तलाव गांव के नजदीक एक चालक अपने ट्रक को तेज रफ्तार से चलाता हुआ आया और उसने स्कूटी को सीधी टक्कर मार दी।

इसके बाद उसे उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# भाविप ने मनाया 62वां स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

भारत विकास परिषद के 62वें स्थापना दिवस पर विवेकानंद शाखा और बहादुरगढ़ शाखा द्वारा सेक्टर-6 स्थित बाल भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। बच्चों को भाविप की तरफ से स्कूल बैग, पैंसिल, पेपर, फोल्डर्स, कापियां, रजिस्टर, पैन, ड्राइंग शीट दी गई।

गुडनैस अस्पताल के सहयोग से बालिकाओं के लिए हिमोग्लोबिन टैस्ट कैंप आयोजित किया गया और फल वितरित किए। जिन बच्चों में हीमोग्लोबिन की मात्रा कम पाई जाएगी। उन्हें आयरन की गोलियां, गुड़ और चना दिया गया। प्रांतीय उपाध्यक्ष मूलचंद जोशी और संरक्षक पवन जैन ने बताया कि ऐसी



**बहादुरगढ़।** बाल भवन में बच्चों को स्टेशनरी देते भाविप सदस्य। फोटो : हरिभूमि

गतिविधियों से समाज के मध्य पहुंचना ही परिषद का मुख्य लक्ष्य है। शाखा अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक और सुनील बंसल ने बताया कि 10 जुलाई 1963 को भारत विकास परिषद का पंजीकरण हुआ था। शाखा सचिव नीरज गर्ग और मुकेश बंसल ने कहा कि परिषद स्वामी विवेकानंद के विचारों को साकार रूप देने में जुटी है। शक्ति विद्या मन्दिर स्कूल की तरफ से बालिकाओं को दवाइयों की किट प्रदान की गई।

महिला संयोजिका मीना मित्तल और सोना बंसल ने बालिकाओं को एनीमिया अवेयरनेस के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर सतीश शर्मा, प्रवीण शर्मा, पूजा, सुदेश, निशा, बिमला, ज्योति, मोहित, यशवीर, हरीश बजाज, डॉ. कुलदीप जून, रमेश गुप्ता, चंचल गर्ग, अशोक गोयल, गजेंद्र यादव, मुरारी गोयल, भूषण गुप्ता, राजकुमार गर्ग, अतिन गुप्ता, संजय यादव, सुरजीत सिंह चावला, राहुल सिंघल, जेपी सिंह व विजय पुनहानी आदि उपस्थित रहे।




**झज्जर।** भदाना गांव की चौपाल में जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य में बनाया रेखाचित्र।

# रेखाचित्र के माध्यम से दिया छोटा परिवार-सुखी परिवार का संदेश

**झज्जर।** गांव भदाना की चौपाल में भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा व अंशुल शर्मा ने विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य में एक रेखाचित्र बनाकर छोटा परिवार, सुखी परिवार का संदेश दिया। मुकेश शर्मा ने कहा कि बढ़ती आबादी के कारण संसाधनों पर बहुत दबाव पड़ता जा रहा है। बढ़ती जनसंख्या को रोकने के लिए जन जागरुकता अभियान चलाना चाहिए। इस दौरान देवीदत्त शर्मा, सुभाष शर्मा, वेदपाल कौशिक, संजय कौशिक, अनिल कौशिक, मोहित, राहुल वशिष्ठ, मोहित वशिष्ठ, अमन वशिष्ठ, केशव वशिष्ठ, अर्जुन वशिष्ठ, अलीशा वशिष्ठ आदि मौजूद रहे।

# छीनाझपटी करने वाले तीन को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

गांव परनाला के निकट दो व्यक्तियों के साथ मार-पिटाई करके उनका मोबाइल फोन व कान की बाली छीनने के अलावा छीने गए मोबाइल फोन से पैसे अपने खातों में ट्रांसफर करने के मामले में तीन आरोपियों को पुलिस ने काबू किया है। एसआई धर्मेंद्र ने बताया कि दोनों को अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

बता दें कि उत्तर प्रदेश का मूल निवासी राजेश और अनिल अपने साथी को रेलवे स्टेशन पर छोड़कर वापस आ रहे थे। परनाला के निकट मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए तीन युवक उन्हें जबरदस्ती पकड़कर एक खाली प्लाट में ले गए। और वहां पर उनके दो अन्य साथी भी आ गए।

इसके बाद उन्होंने राजेश व अनिल के साथ मार पिटाई की। उनके फोन छीन लिए और अनिल के मोबाइल फोन से किसी अन्य नंबर पर 8 हजार रुपए ट्रांसफर कर लिए। उसके कानों की बाली भी छीन ली और मौके से फरार हो गए। अज्ञात आरोपियों के खिलाफ थाना लाइनपार में आपराधिक मामला दर्ज किया गया। एएसआई राजेंद्र कुमार की टीम ने वारदात के



**बहादुरगढ़।** पुलिस की गिरफ्त में छीनाझपटी के तीनों आरोपी।

सिलसिले में बिहार निवासी शहनवाज, यूपी निवासी रोहित व प्रदीप को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से छीने गए दो मोबाइल फोन व वारदात में प्रयोग मोटरसाइकल बरामद की गई।

# परनाला गांव में लगाए 25 पौधे

**बहादुरगढ़।** गांव परनाला में बुधवार को सरपंच प्रतिनिधि अशोक राठी के नेतृत्व में पौधारोपण किया गया। उन्होंने गांव की फिरनी, तालाब और शमशान घाट में सफाई कर्मी अजय और पंचायत सदस्य योगी के सहयोग से 25 पौधे लगाए। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि सभी जिम्मेदारी समझ और बरसात के मौसम में पौधे जरूर रोपित करें। उनके अनुसार पौधेरोपण करना हम सबका नैतिक दायित्व है। इनका संरक्षण भी जरूरी है।



**बहादुरगढ़।** गांव परनाला में पौधे लगाते अशोक राठी व अन्य। फोटो : हरिभूमि



**बहादुरगढ़।** नाकों का निरीक्षण करते डीसीपी मयंक मिश्रा। फोटो : हरिभूमि

# डीसीपी ने किया नाकों का निरीक्षण

**बहादुरगढ़।** बुधवार को पुलिस उपायुक्त मयंक मिश्रा ने शहर में लगे नाकों का दौरा किया। वहां तैनात पुलिस कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि सभी नाकों पर पुलिस जवान हथियार, वाकी टाकी सैट व अन्य आधुनिक उपकरण सहित तैनात रहेंगे। नियमों की अवहेलना करने वाले का चालान करें। संदिग्ध वाहन की बारीकी से जांच करें। उन्होंने बताया कि आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए शहर में विभिन्न स्थानों पर विशेष नाके लगाए गए हैं।

# पार्षद ने जनसमस्याओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

पार्षद जितेंद्र राठी बुधवार को वार्ड नंबर-11 के निवासियों के अनुरोध पर स्थानीय समस्याओं का जायजा लेने पहुंचे। उन्होंने वार्डवासियों द्वारा दिखाई गई समस्याओं के निदान के लिए तुरंत मौके से ही अधिकारियों को फोन किया। स्थानीय निवासी अमरनाथ कुशवाहा, धर्मेंद्र व शंभू आदि ने बताया कि उनके वार्ड में सीवर जाम, बदहाल जलनिकासी, जर्जर सड़कें और खराब बिजली व्यवस्था के कारण नागरिक परेशान हैं। बार-बार शिकायत देने के बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। पार्षद जितेंद्र राठी ने मौके पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को फोन कर समस्याओं से अवगत



**बहादुरगढ़।** वार्ड-11 में समस्याओं का जायजा लेते जितेंद्र राठी व अन्य।

कराया और उनके शीघ्र समाधान की मांग की। साथ ही उन्होंने कहा कि नगर परिषद में भाजपा का बोर्ड बनने के बाद भेदभावपूर्ण रवैए से काम हो रहे हैं। भाजपा की इस दोगली नीति का खामियाजा उन्हें विधानसभा चुनाव में भुगतना पड़ेगा। इस मौके पर प्रदीप सिन्हा, रामनिवास सैनी, सूरज सिंह, प्रमोद कौशिक व बंटी रंगा मौजूद रहे।

# छारा सीएचसी में एक्स-रे सेवा शुरू

**बहादुरगढ़।** छारा और आसपास के ग्रामीणों को अब एक्स-रे करवाने के लिए बहादुरगढ़, झज्जर या रोहतक जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। सरकार ने सीएचसी छारा में एक्स-रे मशीन सुविधा उपलब्ध करवा दी है। सिविल सर्जन डॉ. ब्रह्मदीप सिंह ने इसका शुभारंभ करते हुए कहा कि अब मरीजों को 15 मिनट में एक्स-रे रिपोर्ट मिल जाएगी। उप सिविल सर्जन डॉ. ममता त्यागी ने बताया कि अब आरसीटी और दांतों से संबंधित उपचार के लिए भी मरीजों को कहीं नहीं जाना पड़ेगा। इस मौके पर वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल राठी, दंत चिकित्सक डॉ. प्रीति, डॉ. विकास, डॉ. सुखदेव व इंजीनियर मृदुला आदि उपस्थित रहे।



**बहादुरगढ़।** छारा सीएचसी में एक्स-रे सेवा शुरू करने के बाद सिविल सर्जन व अन्य।

# मकान से नकदी व जेवर ले उड़े चोर

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव मांगावास में एक मकान से नकदी व सोने-चांदी के आभूषण चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस को दी शिकायत हैप्पी पुत्र राजरूप ने बताया कि वह मंगलवार की रात को अपने परिवार के साथ घर पर सोया था। बुधवार की सुबह जब उसने उठकर देखा तो उसके घर का पीछे वाले गेट का ताला टूटा तथा अंदर कमरे का ताला टूटा हुआ मिला। इसके बाद जब उसने घर में रखे सामान का जायजा लिया तो पता चला कि अलमारी में रखी नकदी सहित सोने व चांदी के आभूषण गायब हैं। चोरों द्वारा आभूषण की पैकिंग के बॉक्स को वहीं डाल कर उसमें से जेवरात चोरी किए गए हैं। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।



**झज्जर।** खाली पड़े बॉक्स व पैकिंग जिनमें से चोरी हुए आभूषण। फोटो : हरिभूमि

# साढ़े 3 करोड़ में बनेगा बामड़ोली का स्टेडियम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

गांव बामड़ोली में साढ़े 8 एकड़ में बनने वाले स्टेडियम की नींव बुधवार को पूर्व विधायक नरेश कौशिक ने रखी। निजामपुर गढ़ी के गद्दीनशीन स्वामी श्री इंद्रवेश महाराज के सान्निध्य में हुए कार्यक्रम में जिला पार्षद रविंद्र छिल्लर बराही भी विशेष रूप से मौजूद रहे। नरेश कौशिक ने बताया कि 2016 में तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल के समक्ष उन्होंने यह मांग रखी थी। अब इस स्टेडियम के



**बहादुरगढ़।** बामड़ोली में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित नरेश कौशिक व अन्य।

निर्माण पर साढ़े 3 करोड़ रुपए खर्च होंगे। पुलिस कारपोरेशन बोर्ड द्वारा स्टेडियम का निर्माण करवाया जाएगा और सालभर में यह कार्य पूरा होगा। स्टेडियम में बैंडमिंटन, फुटबॉल, कबड्डी, ट्रैक, कुश्ती, दर्शकों व खिलाड़ियों के बैठने के लिए व्यवस्था होंगी। मौके पर सत्यवान दलाल, संदीप राठी, कर्मवीर, जितेंद्र काला, सत्यवान छिकारा, कृष्ण चंद्र, विशाल बराही, कृष्ण कोच, पहलवान रामकिशन, राजबीर पंडित, रमेश छिल्लर, योगेश, सुनील शर्मा, दलजीत छिल्लर व कार्यकारी अभियंता अंकुर हुड्डा आदि मौजूद रहे।

# ठीक-ठाक गली को तोड़ने पर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

लाइनपार के सूरत नगर की गली नंबर-5 की ठीक-ठाक सीसी गली को दोबारा बनाने के लिए जेसीबी द्वारा तोड़ने पर स्थानीय निवासियों ने आपत्ति उठाई है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरुण खत्री ने भी इस मामले को लेकर सवाल उठाए और इसे सरकारी धन की बर्बादी करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि लाइनपार में विकास के नाम पर गोल-माल किया जा रहा है।

अरुण खत्री ने बताया कि वार्ड



**बहादुरगढ़।** सूरत नगर में जेसीबी द्वारा तोड़ी गई सीसी गली दिखाते अरुण खत्री व अन्य।

नंबर-3 के सूरत नगर की गली नंबर-5 सीसी से बनी हुई थी। इसमें सीवर व पानी की लाइन भी डली हुई थी। फिर भी इसे दोबारा से बनाने के लिए जेसीबी द्वारा तोड़ दिया गया है। जो की सरकारी धन की बर्बादी है। उनके अनुसार अधिकारियों को मौके पर आकर इस गली में देखना चाहिए। खत्री ने चेयरपर्सन सरोज राठी व नप अधिकारियों से अच्छी खासी सीसी गली को तोड़कर बनाने के मामले की निष्पक्ष जांच करने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि बरसात में गली तोड़ने के कारण लोगों को पैदल आवागमन करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कुलविंदर, मेहर सिंह, सचिन, विपिन, अनिल, ईश्वर, जयदेवी, निशा, बबली, रेशमा, कौशल्या आदि निवासियों ने बनी बनाई गली को तोड़ने पर रोष जताया।